भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1157**
दिनांक 11.02.2025 को उत्तरार्थ

## ई-पंचायत का विकास

**1157. श्री प्रवीण पटेलः**
**श्री मनीष जायसवालः**
**श्री चावड़ा विनोद लखमशी:**
**श्री योगेन्द्र चांदोलियाः**
**श्री अनुराग शर्माः**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) के उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) मंत्रालय किस प्रकार यह सुनिश्चित करता है कि ई-पंचायत एमएमपी के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए डिजिटल बुनियादी ढांचे और उपकरण सभी पंचायतों, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली पंचायतों के लिए सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल हों;

(ग) क्या ग्रामीण विकास और स्थानीय शासन पर इसके प्रभाव को और बढ़ाने के लिए ई-पंचायत एमएमपी हेतु भविष्य में कोई विकास योजना बनाई जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत कार्यान्वित मिशन मोड परियोजनाओं में से एक है। इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य : शासन और सर्विस डिलीवरी में उनकी दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाकर पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना, मैन्युअल त्रुटियों को कम करने के लिए नियोजन, बजट, लेखांकन, निगरानी और सामाजिक लेखापरीक्षा जैसे पंचायत कार्यों को स्वचालित करना, ग्रामीण नागरिकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक सेवा प्रदायगी की सुविधा प्रदान करना और पंचायत अधिकारियों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम बनाने के लिए डिजिटल उपकरण प्रदान करना है ।

विगत उपलब्धियों के आधार पर, पंचायती राज मंत्रालय ने ई-एमएमपी परियोजना के तहत, वर्ष 2020 में पंचायती राज संस्थाओं के लिए उद्यम संसाधन नियोजन (ईआरपी) सॉल्यूशन, ई-ग्रामस्वराज को लॉन्च किया था। यह एप्लिकेशन पंचायत के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे नियोजन, बजट, लेखांकन, निगरानी, परिसंपत्ति प्रबंधन आदि को ऑनलाइन भुगतान सहित एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शामिल करता है। अब

तक, 2.54 लाख ग्राम पंचायतों ने 2024-25 के लिए अपनी ग्राम पंचायत विकास योजनाएँ (जीपीडीपी) तैयार करके अपलोड कर दी हैं। इसके अलावा, 2.41 लाख ग्राम पंचायतों ने 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान के लिए ऑनलाइन लेनदेन पूरा कर लिया है। ई-ग्रामस्वराज को राज्यवार अपनाने की जानकारी **अनुबंध-I** में दी गई है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) के तहत ऑडिटऑनलाइन नामक एप्लीकेशन शुरू किया है। यह पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट की अनुमति देता है और आंतरिक और बाहरी ऑडिट के बारे में विस्तृत जानकारी रिकॉर्ड करता है। ऑडिट वर्ष 2022-23 के लिए, 2.58 लाख ऑडिट प्लान बनाए गए हैं और 2.57 लाख ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई हैं।

मंत्रालय ने पंचायत प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए मेरी पंचायत और पंचायत निर्णय जैसे ऐप भी शुरू किए हैं। जहां मेरी पंचायत योजना, गतिविधियों और कार्य प्रगति की जानकारी जनता के लिए सुलभ बनाती है, वहीं पंचायत निर्णय ग्राम सभा की कार्यवाही में पारदर्शिता और प्रबंधन को बढ़ाता है।

(ख) पंचायती राज मंत्रालय ने ई-पंचायत एमएमपी के तहत डिजिटल समावेशिता और पहुंच में आसानी सुनिश्चित करने हेतु कई उपाय किए हैं, जिनमें ई-ग्रामस्वराज और ऑडिटऑनलाइन जैसे उपयोगकर्ता-अनुकूल (यूजर फ्रेंडली) सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों का विकास, भाषिणी के साथ एकीकरण करके इन ऑनलाइन अनुप्रयोगों के लिए बहुभाषी समर्थन प्रदान करना और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने पर पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण शामिल है।

इसके अलावा, दूरदराज के क्षेत्रों में पंचायतों को डिजिटल सेवाओं की प्रदयगी करने हेतु , संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत, उनकी वार्षिक कार्य योजनाओं में प्रस्ताव के आधार पर, मंत्रालय कंप्यूटरों की खरीद के लिए सीमित पैमाने पर सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ के प्रयासों में सहायता कर रहा है।

(ग) & (घ) मंत्रालय ई-एमएमपी परियोजना के परिणामों में सुधार लाने और जमीनी स्तर पर बेहतर प्रशासन हेतु नियमित रूप से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य हितधारकों के साथ जुड़ रहा है इसके अतिरिक्त मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर मौजूदा एप्लीकेशन जैसे ई-ग्रामस्वराज, प्रशिक्षण प्रबंधन पोर्टल आदि में आवश्यक सुधार और संवर्द्धन किए जा रहे हैं, साथ ही समर्थ एप्लिकेशन, मेरी पंचायत ऐप, पंचायत निर्णय ऐप आदि जैसे नए एप्लीकेशन तैयार किए गए हैं।

***

**अनुबंध**-I

'ई-पंचायत का विकास' के संबंध में दिनांक 11.02.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1157 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पंचायत स्तर पर ई-ग्रामस्वराज को अपनाना**

| क. सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों एवं समकक्ष की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13328 | 13296 | 12907 | 660 | 660 | 639 | 13 | 13 | 13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 2106 | 185 | 0 | 0 | 0 | 25 | 25 | 7 |
| 3 | असम | 2662 | 2197 | 2170 | 191 | 191 | 185 | 30 | 29 | 27 |
| 4 | बिहार | 8054 | 8054 | 8044 | 534 | 534 | 529 | 38 | 38 | 38 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11596 | 11594 | 11503 | 146 | 146 | 146 | 27 | 27 | 27 |
| 6 | गोवा | 191 | 191 | 89 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 |
| 7 | गुजरात | 14656 | 14594 | 13666 | 248 | 248 | 248 | 33 | 33 | 33 |
| 8 | हरियाणा | 6225 | 6221 | 5829 | 143 | 143 | 131 | 22 | 22 | 22 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 3614 | 3509 | 81 | 81 | 80 | 12 | 12 | 12 |
| 10 | झारखंड | 4345 | 4345 | 4317 | 264 | 264 | 262 | 24 | 24 | 23 |
| 11 | कर्नाटक | 5954 | 5954 | 5935 | 238 | 232 | 117 | 31 | 31 | 28 |
| 12 | केरल | 941 | 941 | 940 | 152 | 152 | 152 | 14 | 14 | 14 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23011 | 23009 | 22973 | 313 | 313 | 310 | 52 | 52 | 52 |
| 14 | महाराष्ट्र | 27911 | 27834 | 26268 | 351 | 351 | 302 | 34 | 34 | 34 |
| 15 | मणिपुर | 3180 | 161 | 120 | 0 | 0 | 0 | 12 | 6 | 4 |
| 16 | मेघालय | 6817 | 0 | 0 | 2241 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 842 | 842 | 832 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 1289 | 186 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| क. सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों एवं समकक्ष की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायत | ऑनलाइन भुगतान करने वाली जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | ओडिशा | 6794 | 6794 | 6792 | 314 | 314 | 314 | 30 | 30 | 30 |
| 20 | पंजाब | 13237 | 13222 | 9173 | 152 | 151 | 110 | 22 | 22 | 19 |
| 21 | राजस्थान | 11211 | 11206 | 10739 | 361 | 353 | 351 | 33 | 33 | 33 |
| 22 | सिक्किम | 199 | 199 | 194 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 | 6 |
| 23 | तमिलनाडु | 12525 | 12525 | 12518 | 388 | 388 | 388 | 36 | 36 | 36 |
| 24 | तेलंगाना | 12771 | 12768 | 12628 | 540 | 540 | 498 | 32 | 32 | 32 |
| 25 | त्रिपुरा | 1194 | 1176 | 1162 | 75 | 75 | 75 | 9 | 9 | 8 |
| 26 | उत्तराखंड | 7795 | 7794 | 7729 | 95 | 95 | 95 | 13 | 13 | 13 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 57691 | 57691 | 57596 | 826 | 826 | 821 | 75 | 75 | 75 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3339 | 3338 | 345 | 345 | 345 | 22 | 21 | 21 |
| **कुल संख्या** | | **263481** | **251853** | **241156** | **8658** | **6402** | **6098** | **650** | **62** | **609** |